भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1488

शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली 3.0 का कार्यान्वयन

1488. श्री सदानंद महालू शेट तानवड़ेः
डा. कविता पाटीदार:
डा. सुमेर सिंह सोलंकी:
श्री केसरीदेवसिंह झाला:
श्री आदित्य प्रसादः
श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः
श्री नरहरी अमीनः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली (आईपीआरएस) 3.0 के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का, अब तक मूल्यांकित औद्योगिक पार्कों की संख्या और इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सहित, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) स्थिरता, लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, अवसंरचनात्मक गुणवत्ता और किरायेदारों की प्रतिक्रिया जैसे मानकों पर औद्योगिक पार्कों का बेंचमार्क निर्धारित करने हेतु आईपीआरएस 3.0 के तहत अपनाए गए मानदंडों और कार्यप्रणाली का ब्यौरा क्या है;

(ग) निम्न प्रदर्शन करने वाले औद्योगिक पार्कों और चिन्हित की गई कमियों को दूर करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार डेटा इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने के लिए आईपीआरएस 3.0 को अन्य राष्ट्रीय प्लेटफार्मों जैसे पीएम गति शक्ति, एनआईसीडीसी की औद्योगिक गलियारा प्रणाली या यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के साथ एकीकृत करने का प्रस्ताव रखती है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ साझेदारी में औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली

(आईपीआरएस) 3.0 शुरू की है और औद्योगिक पार्कों के नामांकन की शुरुआत करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुमति प्रदान की है।

(ख): आईपीआरएस 3.0 ने 5 मदों के तहत 41 मापदंडों के साथ वैश्विक मानकों का निर्माण करते हुए डेटा-आधारित और साक्ष्य-आधारित पद्धति को अपनाया है। इसका विवरण **अनुबंध क** में दिया गया है।

(ग) से (ङ): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कम निष्पादन करने वाले पार्कों का मार्गदर्शन करने के लिए अवसंरचना, संपर्क-सुगमता, स्थिरता, सुरक्षा और सेवा वितरण के संदर्भ में आईपीआरएस के तहत उच्च निष्पादन करने वाले पार्कों की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाएं। इसके अलावा, एक विश्वसनीय मानक प्रदान करने और बेहतर औद्योगिक ईकोसिस्टम योजना तथा डेटा अनुरूपता में सहायता प्रदान करने के लिए इन निष्कर्षों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। अंतिम रूप दिए जाने पर, इन निष्कर्षों को एनआईसीडीसी के रख-रखाव वाले इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक पोर्टल https://indiaindustriallandbank.gov.in पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि, ये निष्कर्ष उस प्रकृति के नहीं हैं कि इन्हें पीएम गतिशक्ति या यूलिप पर उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता हो।

*****

अनुबंध-क

औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली 3.0 के संबंध में दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1488 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आईपीआरएस 3.0 पार्क फ्रेमवर्क

क्रम सं.	**मानदंड**
मद (1): आंतरिक अवसंरचना	
1	बिजली की आपूर्ति और वितरण
2	जल आपूर्ति (औद्योगिक और पेय)
3	स्मार्ट मीटरिंग
4	आईसीटी अवसंरचना
5	आंतरिक सड़कें
6	पैदल मार्ग
7	अपशिष्ट शोधन (संग्रह और शोधन सुविधा)
8	वर्षा जल निकासी
9	स्मार्ट स्ट्रीट और एरिया लाइटिंग
10	सामान्य पार्क संचालन और रखरखाव (सामान्य अवसंरचना)
11	प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल स्पेस
12	लॉजिस्टिक्स अवसंरचना
13	स्मार्ट एक्सेस गेट्स
14	लैंगिक समानता संबंधी समावेशी अवसंरचना
15	औद्योगिक आवासन
मद (2): बाहरी अवसंरचना और संपर्क सुगमता	
16	सार्वजनिक परिवहन लिंकेज
17	मल्टीमोडल कनेक्टिविटी
18	शहर/क्षेत्रीय मास्टरप्लान के साथ एकीकरण
मद (3): व्यापार सहायता सेवाएं	
19	कैन्टीन
20	वाणिज्यिक केंद्र
21	बैंकिंग और बीमा सहायता
22	कौशल विकास और सामान्य सुविधा केंद्र
23	सिंगल विंडो सेवाएं और सीआरएम सिस्टम
24	व्यापार सुविधा (डेटा एकीकरण)
25	सरकारी पहलों की सहायता और प्रसार

मद (4): पर्यावरण, सुरक्षा और स्थिरता	
26	आपदा प्रबंधन और जोखिम शमन (सुरक्षा लेखापरीक्षा)
27	सुरक्षा सेवाएं
28	स्वास्थ्य और सुरक्षा
29	उपयोगिता लेखा परीक्षा
30	ग्रीन स्पेस
31	वर्षा जल संचयन
32	नवीकरणीय ऊर्जा
33	गुणवत्ता का प्रमाणन
34	ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन
35	प्रदूषक भुगतान तंत्र
मद (5): सृजित प्रभाव	
36	पार्क ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित किया
37	पार्क में निर्यात करने वाली कंपनियां
38	पार्कों ने बड़ी कंपनियों को आकर्षित किया
39	लैंगिक समानता संबंधी संतुलित प्रतिनिधित्व
40	कार्बन फुटप्रिंट मैपिंग
41	रोजगार सृजन

*****